नई दिल्ली । मंगलवार । 27 दिसंबर 2011

अमर उजाला

डासना जेल में किया वस्त्रदान

ग्रेटर नोएडा। नॉलेज पार्क दो स्थित बिमटेक इंस्टीट्यूट और रंगनाथन सोसाइटी फॉर सोशल वेलफेयर एंड लाइब्रेरी डेवलपमेंट संस्था द्वारा संयुक्त रूप से क्रिसमस पर वस्त्रदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। गाजियाबाद स्थित डासना जेल में बंद पुरुष, महिला एवं बाल कैदियों को इस दौरान कंबल, ऊनी वस्त्र, साड़ियां आदि बांटे गए। शिविर में शामिल बिमटेक के तमाम प्रबंधन छात्र-छात्राओं ने जेल के दैनिक क्रियाकलापों और गतिविधियों का भी अध्ययन किया। प्रो. के. आर. चारी ने जेल में अवशेष प्रबंधन के विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दीं। इस मौके पर संस्था के सचिव डॉ. ऋषि तिवारी, कोषाध्यक्ष अनिल सिंह, जेल अधीक्षक डॉ. वीरेश राज शर्मा समेत तमाम शिक्षक-कर्मचारी मौजूद रहे।